स्नातकोत्तर हिन्दी पाठ्यक्रम

(नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप)

हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ

परिकल्पना एवं पाठ्यक्रम लक्ष्य

हिन्दी भाषा, साहित्य और विमर्श के क्षेत्र में पारंपरिक और नए क्षितिजों का अन्वेषण, परिशीलन एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का उद्देश्य है। प्राथमिक कक्षाओं से उच्च कक्षाओं तक राज्य, राष्ट्र एवं अंतर राष्ट्रीय स्तर तक हिन्दी अध्ययन-अध्यापन हेतु प्रशिक्षित युवाओं/युवतियों के रोजगारपरक लक्ष्यों को समर्पित पाठ्यक्रम की बहुविध संभावनाएँ हैं। इसी तरह जनसंचार के विविध क्षेत्रों जैसे-प्रिन्ट मीडिया, दृश्य मीडिया, धारावाहिक एवं पटकथा लेखन के विविध क्षेत्रों में रोजगार की आवश्यकताओं की दृष्टि से भी यह पाठ्यक्रम उपयोगी होगा। उद्देश्यों को निम्न बिन्दुओं द्वारा सरलतापूर्वक समझा जा सकता है :

1- हिन्दी साहित्य के माध्यम से गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और इतिहास का अध्ययन।
2- हिन्दी भाषा और साहित्य के सौन्दर्यपरक और विचारपकर क्षितिजों की समझ का अध्ययन।
3- विस्तृत होती लोक आस्थाओं, सांस्कृतिक स्मृतियों का अध्ययन।
4- हिन्दी अध्यापन के विविध क्षेत्रों हेतु दक्ष और पेशेवर युवक-युवतियों का प्रशिक्षण।
5- प्रिन्ट और विजुअल मीडिया की रोजगारपरक आवश्यकताओं के लिए प्रशिक्षण।
6- रचनात्मक एवं स्वाधीन लेखन संसार एवं पटकथा तथा विज्ञापन लेखन हेतु दक्ष युवाओं-युवतियों का प्रशिक्षण।

स्नातकोत्तर कार्यक्रम के पहले वर्ष में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी स्नातक उपाधि होने चाहिए।

- उच्च शिक्षा का यह चतुर्थ वर्ष कहलाएगा।
- स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष में न्यूनतम 52 क्रेडिट अर्जित करने पर छात्र/छात्राओं को उत्तीर्ण किया जायेगा।
- स्नातकोत्तर प्रथम एवं द्वितीय दोनों वर्षों में न्यूनतम 52 एवं 48 क्रेडिट अर्जित करने वाले उत्तीर्ण विद्यार्थी को मुख्य विषय (मेजर) में स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जायेगी।
- स्नातकोत्तर में एक ही मुख्य विषय (मेजर) होगा।
- स्नातकोत्तर कार्यक्रम सी0बी0सी0एस0 एवं सेमेस्टर प्रणाली में संचालित होगा।
- स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चार सेमेस्टर में विभक्त है।
- मुख्य विषय (हिन्दी) के प्रत्येक सेमेस्टर में कुल पाँच प्रश्न पत्र निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न-पत्र चार क्रेडिट का होगा।
- चार प्रश्न पत्र थ्योरी आधारित तथा एक प्रश्न-पत्र प्रायोगिक होगा।

स्नातकोत्तर कार्यक्रम में शोध परियोजना

- उच्च शिक्षा के चतुर्थ एवं पंचम वर्ष (स्नातकोत्तर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) से विद्यार्थी को बृहद शोध परियोजना करनी होगी।
- शोध संबंधी निर्देश पाठ्यक्रम संरचनाएं निर्दिष्ट है।
- स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष (सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर) में छात्र एवं छात्राओं को किसी एक सेमेस्टर में मुख्य विषय (हिन्दी) से इतर अन्य विषय से संबंधित माइनर प्रश्न पत्र आहारित करना होगा।
- सप्तम सेमेस्टर हेतु माइनर विषय प्रश्न पत्र 'सोशल मीडिया और हिंदी' होगा।
- एक क्रेडिट हेतु अधिकतम पंद्रह घंटे (कक्षा) निर्धारित है।

एम०ए प्रथम वर्ष / बी०ए० चतुर्थ वर्ष		***सप्तम सेमेस्टर***	***अंक विभाजन***	
मेजर (हिन्दी) प्रश्न पत्र	**पत्र का प्रकार**	**क्रेडिट**	***लिखित***	***आन्तरिक मूल्यांकन***
प्रथम प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
द्वितीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
तृतीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
चतुर्थ प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
पंचम प्रश्न पत्र	लिखित + प्रायोगिक	4 (चार)	50	50
शोध	लघुशोध	2 (दो)	50	....
			कुल योग	550

एम०ए प्रथम वर्ष / बी०ए० चतुर्थ वर्ष		***अष्टम सेमेस्टर***	***अंक विभाजन***	
मेजर (हिन्दी) प्रश्न पत्र	**पत्र का प्रकार**	**क्रेडिट**	***लिखित***	***आन्तरिक मूल्यांकन***
प्रथम प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
द्वितीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
तृतीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
चतुर्थ प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
पंचम प्रश्न पत्र	लिखित + प्रायोगिक	4 (चार)	50	50
शोध	लघुशोध	2 (दो)	50	....
			कुल योग	550

नोट- स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में छात्र / छात्रा को मेजर विषय से अलग अन्य संकाय का माइनर विषय चुनना होगा।

एम०ए द्वितीय वर्ष		***नवम सेमेस्टर***	***अंक विभाजन***	
मेजर (हिन्दी) प्रश्न पत्र	**पत्र का प्रकार**	**क्रेडिट**	***लिखित***	***आन्तरिक मूल्यांकन***
प्रथम प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
द्वितीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
तृतीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
चतुर्थ प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
पंचम प्रश्न पत्र	लिखित + प्रायोगिक	4 (चार)	50	50
शोध	लघुशोध	2 (दो)	50	....
			कुल योग	550

एम०ए द्वितीय वर्ष		***दशम सेमेस्टर***	***अंक विभाजन***	
मेजर (हिन्दी) प्रश्न पत्र	**पत्र का प्रकार**	**क्रेडिट**	***लिखित***	***आन्तरिक मूल्यांकन***
प्रथम प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
द्वितीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
तृतीय प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
चतुर्थ प्रश्न पत्र	लिखित	4 (चार)	75	25
पंचम प्रश्न पत्र	लिखित + प्रायोगिक	4 (चार)	50	50
शोध	लघुशोध	2 (दो)	50	....
			कुल योग	550

शोध संबंधित निर्देश

- छात्र / छात्रा को स्नातकोत्तर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में मुख्य विषय से सम्बंधित बृहद शोध परियोजना करनी होगी। बृहद शोध परियोजना हेतु छात्र / छात्रा को विभाग द्वारा निर्देशक नियुक्त किया जाएगा इस निमित्त आवश्यकतानुसार अन्य विषय के सह निर्देशक भी आवंटित किया जा सकता है।
- इस बृहद शोध परियोजना को छात्र / छात्रा द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर (सप्तम, अष्टम, नवम एवं दशम) में दो क्रेडिट (चार घंटे प्रति सप्ताह) के अनुरूप आवंटित किया जाएगा। बृहद शोध परियोजना को चार खंड में आवंटित करके हर खंड के निर्धारित अध्यायों को चार सेमेस्टर में पूर्ण करना होगा।
- छात्र / छात्रा को स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष (दोनों सेमेस्टर में किये गए शोध कार्य का संयुक्त प्रबंध) में लिखा गया संयुक्त प्रबंध तथा द्वितीय वर्ष (दोनों सेमेस्टर में किये गए शोध कार्य का संयुक्त प्रबंध) में लिखा गया संयुक्त प्रबंध मूल्याङ्कन हेतु प्रत्येक वर्ष (इवेन सेमेस्टर) के अंत में जमा करना अनिवार्य होगा ।
- छात्र / छात्रा द्वारा स्नातकोत्तर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में जमा किये गए दोनों शोध प्रबंध का मूल्याङ्कन प्रत्येक वर्ष के अंत में निर्देशक एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित वाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से 100 अंकों में किया जाएगा।
- शोध हेतु कुल 8 क्रेडिट आवंटित हैं।
- शोध परियोजना के वार्षिक प्राप्तांकों (100) पर ग्रेड निर्धारित होगा तथा इन अंकों के आधार पर सी०जी०पी०ए० की गणना की जायेगी।

प्रश्न पत्र का पूर्णांक

- प्रत्येक प्रश्न पत्र का पूर्णांक 100 अंक प्रस्तावित है। *75* अंक लिखित परीक्षा हेतु तथा *25* अंक *आंतरिक मूल्यांकन* रचनात्मक गतिविधियों हेतु प्रस्तावित है।
- *प्रत्येक सेमेस्टर का पांचवाँ प्रश्न पत्र अर्थात् पांचवाँ, दसवाँ, पन्दहवाँ एवं बीसवाँ प्रश्न पत्र 100-100 अंक का होगा। इन प्रश्न पत्रों में 50 अंक के लिखित एवं 50 अंक की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न होगी। प्रायोगिक परीक्षा के 50 अंक का आवंटन 25 अंक (आन्तरिक मूल्यांकन) हेतु तथा 25 अंक (मौखिकी) हेतु निर्धारित है।*
- *मौखिकी के लिए पचास (50) अंक की प्रायोगिक परीक्षा हेतु एक आंतरिक एवं एक बाह्य परीक्षक नियुक्त होंगे।*

वर्ष	**सेमेस्टर**	कोर्स कोड	प्रश्नपत्र	प्रश्नपत्र का शीर्षक	लिखित/ प्रायोगिक	क्रेडिट
बी. ए. चतुर्थ वर्ष एम. ए. प्रथम वर्ष	सप्तम	PG1HIN 7SEM1P	प्रथम	हिन्दी भाषा और साहित्य का आरम्भ	**लिखित**	04
		PG1HIN 7SEM2P	द्वितीय	आदिकाल : इतिहास और साहित्य	**लिखित**	04
		PG1HIN 7SEM3P	तृतीय	हिन्दी साहित्य का इतिहास लेखन : परंपरा और दृष्टि	**लिखित**	04
		PG1HIN 7SEM4P	चतुर्थ	भारतीय एवं पाश्चात्य काव्य शास्त्र	**लिखित**	04
		PG1HIN 7SEM5P	पंचम	**हिन्दी सिनेमा**	**लिखित और प्रायोगिक**	04
बी. ए. चतुर्थ वर्ष एम. ए. प्रथम वर्ष	अष्टम	PG2HIN 8SEM1P	प्रथम	पूर्व मध्यकाल (भक्तिकाल) : इतिहास और साहित्य	**लिखित**	04
		PG2HIN 8SEM2P	द्वितीय	उत्तर मध्यकाल (रीतिकाल) : इतिहास और साहित्य	**लिखित**	04
		PG2HIN 8SEM3P	तृतीय	**भाषा विज्ञान और भाषा अध्ययन के नए क्षेत्र**	**लिखित**	04
		PG2HIN 8SEM4P	चतुर्थ	**तुलनात्मक साहित्य, अवधी लोक साहित्य, अनुवाद विज्ञान और भोजपुरी लोक साहित्य में से किसी एक प्रश्न पत्र का अध्ययन अनिवार्य है**	**लिखित**	04
		PG2HIN 8SEM5P	पंचम	**हिन्दी नाटक और रंगमंच**	**लिखित और प्रायोगिक**	04

- नोट- बृहद शोध परियोजना के अंतर्गत सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर में संयुक्त रूप से लिखे गए लघु शोध को अष्टम सेमेस्टर में एकीकृत कर हर छात्र / छात्र को मूल्यांकन हेतु डिजर्टेशन प्रस्तुत करना अनिवार्य है, ताकि समय से परीक्षा फल घोषित हो सके। उक्त हेतु कुल 4 क्रेडिट एवं 100 अंक निर्धारित हैं।

एम. ए. द्वितीय वर्ष	नवम	PG3HIN9SEM1P	प्रथम	आधुनिक काल (गद्य काल) : इतिहास और साहित्य (भारतेंदु एवं द्विवेदी युग)	लिखित	04
		PG3HIN9SEM2P	द्वितीय	आधुनिक काल : इतिहास और साहित्य (स्वछंदतावाद, छायावाद, उत्तर छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नयी कविता और नवगीत)	लिखित	04
		PG3HIN9SEM3P	तृतीय	आधुनिक गद्य : प्रेमचंद एवं प्रेमचंदोत्तर युग (स्वतंत्रता पूर्व एवं स्वातंत्रयोत्तर गद्य)	लिखित	04
		PG3HIN9SEM4P	चतुर्थ	कथेतर गद्य विधाएं (संस्मरण, रेखाचित्र, रिपोर्ताज, डायरी, यात्रावृत्त, गद्यकाव्य)	लिखित	04
		PG3HIN9SEM5P	पंचम	**हिन्दी पत्रकारिता एवं जनसंचार माध्यम**	**लिखित और प्रायोगिक**	04
एम. ए. द्वितीय वर्ष	दशम	PG4HIN10SEM1P	प्रथम	आधुनिक काल : इतिहास और साहित्य (अकविता, विभिन्न दशकों की कवितायेँ और उत्तर शती का काव्य)	लिखित	04
		PG4HIN10SEM2P	द्वितीय	हिन्दी आलोचना और आलोचक	लिखित	04
		PG4HIN10SEM3P	तृतीय	भारतीय साहित्य	लिखित	04
		PG4HIN10SEM4P	चतुर्थ	**विमर्श आधारित विशेष अध्ययन (स्त्री, दलित, आदिवासी तथा थर्ड जेंडर में से किसी एक का विशेष अध्ययन अनिवार्य है।)**	लिखित	04
		PG4HIN10SEM5P	पंचम	**पठकथा और विज्ञापन लेखन**	**लिखित और प्रायोगिक**	04

नोट---

- बृहद शोध परियोजना के नवम एवं दशम सेमेस्टर में निर्देशक के निर्देशन में पूर्ण कर दशम सेमेस्टर की परीक्षा के पूर्ण होने के एक सप्ताह के अन्दर मूल्याङ्कन हेतु प्रस्तुत करें ताकि समय से परीक्षा फल घोषित हो सके।
- उक्त हेतु कुल 4 क्रेडिट एवं 100 अंक निर्धारित हैं।

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VII / MA I
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG1HIN7SEM1P	COURSE TITLE: हिन्दी भाषा और साहित्य का आरम्भ	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

इस पत्र के माध्यम से हिन्दी भाषा और साहित्य के आरम्भ के विभिन्न स्रोतों, मान्यताओं, रचानात्मक परि-श्य की समझ हासिल की जाएगी। साथ ही विभिन्न संज्ञाओं के जन्म की कहानी, उनके अर्थसंकोच और अर्थविस्तार के कारकों की भी पहचान की जाएगी। अपभ्रंश, अवहट्ट, मैथिली, दक्खिनी हिन्दी आदि के आरम्भिक सृजन संसार और भाषा निर्माण की प्रक्रियाओं का भी अध्ययन किया जाएगा। हिन्दी क्षेत्रों की विभिन्न भाषाओं/उपभाषाओं का अध्ययन भी इस पत्र में प्रस्तावित है।

1. इकाई 1
   हिन्दी शब्द की व्युत्पत्ति सम्बन्धी मतों को जानना, हिन्दी के विविध रूपों की पहचान एवं उसकी विकास यात्रा को समझना, हिन्दी क्षेत्रों की विविध उपभाषाओं की जानकारी।
2. इकाई 2
   हिन्दी भाषा के विकास को विभिन्न साहित्येतिहास कालखंडों के आईने में परखना, खड़ी बोली के विभिन्न रूपों को विचारकों की दृष्टि से समझना।
3. इकाई 3
   हिन्दी साहित्य के आरम्भ को अपभ्रंश के उत्तरवर्ती दौर से, सिद्धों-नाथों एवं लौकिक साहित्य यात्रा के माध्यम से समझना।
4. इकाई 4
   खड़ी बोली के स्वरूप को फोर्ट विलियम कॉलेज से आधुनिक काल तक समझना।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 25+75	MIN. PASSING MARKS: 10+30

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	**हिन्दी भाषा I**	15

	हिन्दी शब्द का अर्थ, हिन्दी की अवधारणा, अपभ्रंश एवं आधुनिक भाषाएँ / उपभाषाएँ, हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योगदान, हिन्दी क्षेत्र: पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी, राजस्थानी, पहाडी, बिहारी, दक्खिनी हिन्दी: क्षेत्र और विकासक्रम, भाषा रूप: हिन्दी, हिन्दुई, हिन्दुस्तानी, उर्दू।	
II	**हिन्दी भाषा II** हिन्दी भाषा का विकास: आदिकाल, मध्यकाल, आधुनिक काल, हिन्दी अस्मिता सम्बन्धी विभिन्न मत। भारतेंदु हरिश्चन्द्र, लक्षमण सिंह, राजा शिवप्रसाद सितारेहिंद, द्विववेदी युग एवं हिन्दी भाषा का स्वरूप।	15
III	**हिन्दी साहित्य का आरंभ I** उत्तर अपभ्रंश, अवहट्ट एवं पुरानी हिन्दी सम्बन्धी स्थापनाएँ और हिन्दी साहित्य का आरम्भ, प्रथम कवि और प्रथम रचना, अपभ्रंश साहित्य का संक्षिप्त परिचय, अपभ्रंश का जैन साहित्य और रचनाओं का वर्गीकरण, नाथ सम्प्रदाय और साहित्य, लौकिक साहित्य एवं उनकी विशेषताएँ।	15
IV	**हिन्दी साहित्य का आरंभ II** फोर्ट विलियम कॉलेज और हिन्दी, हिन्दी भाषा के सन्दर्भ में विभिन्न विद्वानों/विचारकों की मान्यताएँ: गार्सा द तांसी, शिवसिंह सेंगर, मिश्रबन्धु, जॉर्ज ग्रियर्सन, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, महावीर प्रसाद द्विवेदी, महात्मा गांधी, रामचन्द्र शुक्ल, प्रेमचन्द, हजारीप्रसाद द्विवेदी।	15
	संदर्भ ग्रन्थ: 1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा काशी। 2. हिन्दी साहित्य का इतिहास : डॉ0 लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय, महामना प्रकाशन मंदिर, प्रयाग। 3. हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास : डॉ0 राजकिशोर त्रिपाठी, प्र0 अरूण प्रकाशन, कलकत्ता। 4. हिन्दी साहित्य का अतीत (भाग-1,2) : पं0 विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, प्र0 वाणी वितान प्रकाशन, वाराणसी। 5. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ0 रामकुमार वर्मा, प्र0 रामनारायण लाल प्रयाग। 6. हिन्दी साहित्य की भूमिका : डॉ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी, प्र0 बिहार राष्ट्रभाषा परिषद पटना। 7. हिन्दी साहित्य का उद्भव काल : डॉ0 वासुदेव सिंह, प्र0 हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी। 8. आधुनिक हिन्दी साहित्य की भूमिका : डॉ0 लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, प्र0 लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद। 9. आधुनिक हिन्दी साहित्य का विकास : डॉ0 श्री कृष्णलाल, प्र0 हिन्दी परिषद प्रयाग।	

	This course can be opted as an elective by the students of following subjects: स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके समस्त विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।
	Suggested Continuous Evaluation Methods: लिखित परीक्षा,परियोजना कार्य, दक्षता परीक्षण
	अध्ययन परिणाम : 1. इकाई 1 हिन्दी की अवधारणा की समझ एवं उपभाषाओं का ज्ञान। 2. इकाई 2 विभिन्न साहित्येतिहासिक कालखंडों से गुज़रकर हिन्दी भाषा की अवधारणा प्राप्त करना। 3. इकाई 3 सिद्ध,नाथ और लौकिक साहित्य के विभिन्न भाषा और साहित्य रूप का ज्ञान। 4. इकाई 4 हिन्दी के खड़ी बोली रूप की आधुनिक काल में उपस्थिति की समझ।
	Suggested Continuous Evaluation Methods: 1- कृति विशेष के भाषिक विश्लेषण पर परियोजना कार्य 2- वाचन
	Course prerequisites: To Study this course, a student must have had the subject ..... in class/12th/certificate/diploma सभी के लिए (सामान्य हिन्दी भाषा का ज्ञान अपेक्षित)
Suggested equivalent online courses:	
Further Suggestions :	

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VII / MA I
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG1HIN7SEM2P	COURSE TITLE: आदिकाल: इतिहास और साहित्य	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

इस प्रश्न पत्र के माध्यम से आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि, विभिन्न परिस्थितियाँ, भाषा रूपों का अध्ययन अपेक्षित है। साथ ही भविष्य के हिन्दी साहित्य और संस्कृति की पीठिका की समझ का निर्माण भी होगा। कतिपय चयनित अंशों के माध्यम से आदिकालीन रचना परिदृश्य को समझने का प्रयास होगा।

1. इकाई 1
   आदिकाल के नामकरण, काल-निर्धारण, भाषा रूप आदि को समझना।
2. इकाई 2
   आदिकाल की पृष्ठभूमि का ज्ञान प्राप्त करना।
3. इकाई 3
   आदिकाल की पृष्ठभूमि को रासो, लौकिक साहित्य और अमीर खुसरो की दृष्टि से समझना।
4. इकाई 4
   सरहपा, चंदबरदाई, विद्यापति, और खुसरो की कविता के चयनित अंशों की समझ प्राप्त करना।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 25+75	MIN. PASSING MARKS: 10+30

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	**आदिकाल की पृष्ठभूमि I** आदिकाल: नामकरण सम्बन्धी विचार एवं काल निर्धारण, परिवेश, राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थिति, आदिकालीन भाषा रूप ।	15
II	**आदिकाल की पृष्ठभूमि II** अपभ्रंश साहित्य: पृष्ठभूमि और प्रभाव, आदिकाल की उपलब्ध सामग्री. प्रमाणिकता, ग्रहण और त्याग का सन्दर्भ, सिद्ध साहित्य और जैन साहित्य ।	15

III	**आदिकाल की पृष्ठभूमि III** रासो साहित्य, पृथ्वीराज रासो- विभिन्न संस्करण, प्रामाणिकता-अप्रामाणिकता के लिए तर्क, काव्योत्कर्ष, अमीर खुसरो, विद्यापति, लौकिक साहित्य और उसकी विशेषताएँ।	15
IV	**चयनित अंश** इस युनिट में निर्धारित पद्यांश की व्याख्या और काव्य सौन्दर्य का उद्घाटन अपेक्षित है- 1. सरहपा – हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योगदान-नामवर सिंह में संकलित सरहपा के दस दोहे। 2. चन्दबरदाई- पृथ्वीराज रासउ – संयोगिता परिणय, माताप्रसाद गुप्त, साहित्य सदन, चिरगांव, झांसी। 3. विद्यापति–नागार्जुन सम्पादित विद्यापति के गीत, वाणी प्रकाशन, गीत संख्या3,4,5,6,9,14,17,20,25,37और 64 4. खुसरो की हिन्दी कविता : सम्पादक – ब्रजरत्न दास (मुकरी-156, 160, 162, 168, 175, 184, 185, 188, 197, 204 - दस दोहे) गीत-95, 112, 113, 116, 125, 126 कुल छ: गीत।	15

संदर्भ ग्रन्थ:

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा काशी।
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास : डॉ0 लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय, महामना प्रकाशन मंदिर, प्रयाग।
3. हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास : डॉ0 राजकिशोर त्रिपाठी, प्र0 अरूण प्रकाशन, कलकत्ता।
4. हिन्दी साहित्य का अतीत (भाग-1,2) : पं0विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, प्र0 वाणी वितान प्रकाशन, वाराणसी।
5. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ0 रामकुमार वर्मा, प्र0 रामनारायण लाल प्रयाग।
6. हिन्दी साहित्य की भूमिका : डॉ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी, प्र0 बिहार राष्ट्रभाषा परिषद पटना।
7. हिन्दी साहित्य का उद्भव काल : डॉ0 वासुदेव सिंह, प्र0 हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी।
8. आधुनिक हिन्दी साहित्य की भूमिका : डॉ0 लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, प्र0 लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद।
9. आधुनिक हिन्दी साहित्य का विकास : डॉ0 श्री कृष्णलाल, प्र0 हिन्दी परिषद प्रयाग।
10. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सं0 डॉ0 नगेन्द्र।
11. हिन्दी गद्यशैली का विकास : डॉ0 जगन्नाथ प्रसाद वर्मा, ना0प्र0 सभा, वाराणसी।
12. हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास : डॉ0 बच्चन सिंह, राधाकृष्णन प्रकाशन, दिल्ली।

	13. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास : डॉ0 रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद। 14. कीर्तिलता और अवहट्ट - शिवप्रसाद सिंह, हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी। 15. हिन्दी साहित्य का आदिकाल - आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली। 16. हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योगदान - नामवर सिंह, साहित्य भवन, इलाहाबाद। 17. विद्यापति - शिवप्रसाद सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद। 18. हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योगदान, नामवर सिंह, लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज। 19. चन्दबरदाई. पृथ्वीराज रासउ - संयोगिता परिणयए माताप्रसाद गुप्तए साहित्य सदनए चिरगांवए झांसीद्य 20. विद्यापति - नागार्जुन सम्पादित विद्यापति के गीत, वाणी प्रकाशनए नई दिल्ली। 21. खुसरो की हिन्दी कविता : सम्पादक - ब्रजरत्न दास, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी। This course can be opted as an elective by the students of following subjects: स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके समस्त विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: लिखित परीक्षा,परियोजना कार्य, दक्षता परीक्षण	
	अध्ययन परिणाम : 1. इकाई 1 आदिकाल के नामकरण, काल-निर्धारण, भाषा रूप आदि का ज्ञान। 2. इकाई 2 आदिकाल की पृष्ठभूमि का ज्ञान। 3. इकाई 3 आदिकाल की पृष्ठभूमि का ज्ञान, रासो, लौकिक साहित्य और अमीर खुसरो का ज्ञान। 4. इकाई 4 सरहपा, चंदबरदाई, विद्यापति, और खुसरो की कविता के चयनित अंशों की समझ और काव्यानुभूति की बनावट का ज्ञान।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: 1- कृति विशेष के भाषिक विश्लेषण पर परियोजना कार्य 2- वाचन	
	Course prerequisites: To Study this course, a student must have had the subject ..... in class/12th/certificate/diploma सभी के लिए (सामान्य हिन्दी भाषा का ज्ञान अपेक्षित)	

Suggested equivalent online courses: .....
Further Suggestions: .....

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VII / MA I
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG1HIN7SEM3P	COURSE TITLE: हिन्दी साहित्य का इतिहास लेखन: परम्परा और दृष्टि	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन संबंधी विभिन्न दृष्टियाँ रही हैं। इस पत्र के माध्यम से इतिहास दर्शन साहित्य के इतिहास की परंपरा, काल विभाजन एवं प्रमुख सिद्धान्तों का विवेचन किया जायेगा। पत्र का उद्देश्य विभिन्न दृष्टियां की स्पष्ट समझ का निर्माण करना है।

1. इकाई 1
   इतिहास दर्शन को साहित्य के अलोक में समझना ।
2. इकाई 2
   इतिहास लेखन परम्परा में नामकरण, काल विभाजन आदि को जानना।
3. इकाई 3
   साहित्येतिहास दर्शन के प्रमुख सिद्धांतों को समझना।
4. इकाई 4
   साहित्येतिहास दर्शन के अन्य प्रमुख सिद्धांतों को समझना।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 25+75	MIN. PASSING MARKS: 10+30

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	**इतिहास लेखन परंपरा - I** इतिहास : अर्थ एवं स्वरूप, इतिहास दर्शन, साहित्य का इतिहास दर्शन, साहित्येतिहास और साहित्यालोचन।	15
II	**इतिहास लेखन परंपरा - II** हिन्दी साहित्येतिहास की परंपरा, हिन्दी साहित्येतिहास के आधार, काल विभाजन और नामकरण, नामकरण की समस्याएँ।	15
III	**साहित्येतिहास दर्शन के प्रमुख सिद्धान्त - I** विधेयवाद, मार्क्सवाद, संरचनावाद, हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की समस्याएँ।	15

IV	**साहित्येतिहास दर्शन के प्रमुख सिद्धान्त – II** इतिहास और आलोचना, नव्य इतिहासवाद, साहित्येतिहास का नारीवादी, दलित, आदिवासी एवं एल0जी0बी0टी0 के संदर्भ।	15
	संदर्भ ग्रन्थ: 1. हिंदी साहित्य का इतिहास - रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी 2. हिंदी साहित्य की भूमिका - हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली 3. हिंदी साहित्य : उद्भव और विकास - हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली 4. हिंदी साहित्य का आदिकाल - हजारी प्रसाद द्विवेदी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना 5. हिंदी साहित्य का अतीत (भाग-एक), विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, वाणी वितान, ब्रह्मनाल, वाराणसी। 6. हिंदी साहित्य का इतिहास - सं0 नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली 7. हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास - रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती, इलाहाबाद 8. साहित्य का इतिहास-दर्शन - नलिन विलोचन शर्मा, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना 9. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास - बच्चन सिंह, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली 10. साहित्य और इतिहास दृष्टि - मैनेजर पांडेय, पीपुल्स लिटरेसी, दिल्ली 11. हिंदी साहित्य के इतिहास की समस्याएं - अवधेश प्रधान, साहित्य वाणी, इलाहाबाद । This course can be opted as an elective by the students of following subjects: स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके समस्त विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: लिखित परीक्षा,परियोजना कार्य, दक्षता परीक्षण	
	अध्ययन परिणाम : 1. इकाई 1 इतिहास दर्शन का साहित्य के अलोक में ज्ञान। 2. इकाई 2 इतिहास लेखन परम्परा में नामकरण, काल विभाजन का ज्ञान। 3. इकाई 3 एवं 4 साहित्येतिहास दर्शन के प्रमुख सिद्धांतों का ज्ञान।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: 1- कृति विशेष के भाषिक विश्लेषण पर परियोजना कार्य 2- वाचन	

	Course prerequisites: To Study this course, a student must have had the subject ..... in class/12th/certificate/diploma सभी के लिए (सामान्य हिन्दी भाषा का ज्ञान अपेक्षित)	
Suggested equivalent online courses:		
Further Suggestions:		

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VII / MA I
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG1HIN7SEM4P	COURSE TITLE: भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

1. इकाई 1
   भारतीय ज्ञान परंपरा के काव्यशास्त्रीय परम्परा से परिचित होंगे।
2. इकाई 2
   भारतीय काव्यशास्त्र के ध्वनी, वक्रोक्ति, औचीत्य आदि सिद्धांतों से परिचय प्राप्त करेंगे।
3. इकाई 3
   पाश्चात्य काव्यशास्त्र की व्यापक समझ बनेगी।
4. इकाई 4
   पाश्चात्य दार्शनिकों के दर्शन से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 25+75	MIN. PASSING MARKS: 10+30

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	**भारतीय काव्यशास्त्र – I** • काव्य लक्षण • काव्य हेतु • काव्य प्रयोजन • काव्य के प्रकार **रस सिद्धांत** • रस सिद्धांत • रस का स्वरुप • रस निष्पत्ति • रस के अंग • साधारणीकरण	15

	• सहृदय की अवधारणा अलंकार सिद्धांत • मूल स्थापनाएं • अलंकारों का वर्गीकरण रीति सिद्धांत • रीति की अवधारणा • काव्य गुण • रीति एवं शैली • रीति सिद्धांत की प्रमुख स्थापनाएं	
II	भारतीय काव्यशास्त्र – II वक्रोक्ति सिद्धांत • वक्रोक्ति की अवधारणा • वक्रोक्ति के भेद • वक्रोक्ति एवं अभिव्यंजनावाद ध्वनि सिद्धांत • ध्वनि का स्वरुप • ध्वनि सिद्धांत की प्रमुख स्थापनाएं • ध्वनि काव्य के प्रमुख भेद • गुणीभूत व्यंग्य • चित्र काव्य औचित्य सिद्धांत • प्रमुख स्थापनाएं औचित्य के भेद	15
III	पाश्चात्य काव्यशास्त्र – III प्लेटो • काव्य सिद्धांत अरस्तू • अनुकरण सिद्धांत • त्रासदी • विरेचन लान्जाइनस • औदात्य की अवधारण	15

	ड्राइडन ● काव्य सिद्धांत वर्ड्सवर्थ ● काव्य भाषा का सिद्धांत कोलरिज कल्पना सिद्धांत और ललित कल्पना	
IV	पाश्चात्य काव्यशास्त्र – IV ● मौथ्यु ओर्नाल्ड ● आलोचना का स्वरुप और प्रकार्य टी.एस.इलियट ● परम्परा की परिकल्पना और वैक्तिक प्रज्ञा ● निर्वैक्तिकता का सिद्धांत ● वस्तुनिष्ठ समीकरण आई.ए.रिचर्ड्स ● रागात्मक अर्थ ● सम्बेगों का संतुलन ● सम्प्रेषण सिद्धांत सिद्धांत और वाद ● स्वच्छन्दतावाद ● अभिव्यंजनावाद ● मार्क्सवाद ● मनोविशलेषणवाद ● अस्तित्त्ववाद ● उत्तरआधुनिकता अन्य बिंदु ● मिथक ● फंतासी ● कल्पना ● बिम्ब	15

	• प्रतिक	
	संदर्भ ग्रन्थ: 1. भारतीय साहित्यशास्त्र कोश : डॉ0 राजवंश सहाय हीरा, बिहार ग्रंथ अकादमी, पटना। 2. समीक्षा दर्शन : डॉ0 रामलाल सिंह (प्रथम एवं द्वितीय भाग), प्र0 इण्डियन प्रेस, प्रयाग। 3. भारतीय काव्यशास्त्र के प्रतिनिधि सिद्धान्त : राजवंश सहाय हीरा, चौखम्भा प्रेस, वाराणसी। 4. काव्यशास्त्र : डॉ0 भगीरथ मिश्र, प्र0 विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी। 5. रस-विमर्श : डॉ0 राममूर्ति त्रिपाठी। 6. भारतीय काव्यशास्त्र की नयी व्याख्या : डॉ0 राममूर्ति त्रिपाठी। 7. कविता के प्रतिमान : डॉ0 रवीन्द्र भ्रमर। 8. भारतीय काव्यशास्त्र की भूमिका : डॉ0 नगेन्द्र, प्र0 नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली। 9. भारतीय साहित्यशास्त्र : गणेश-त्र्यम्बक देशपाण्डेय, पापुलर बुक डिपो, मुम्बई। 10. साहित्यालोचन : डॉ0 श्यामसुन्दरदास, इण्डियन प्रेस, प्रयाग। 11. पाश्चात्य काव्यशास्त्र के सिद्धान्त : डॉ0 जगदीश प्रसाद मिश्र, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली। 12. पाश्चात्य काव्यशास्त्र : रामपूजन तिवारी, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली। 13. पाश्चात्य काव्यशास्त्र परम्परा : डॉ0 नगेन्द्र। 14. पाश्चात्य काव्यशास्त्र : डॉ0 देवेन्द्रनाथ शर्मा। This course can be opted as an elective by the students of following subjects: स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके समस्त विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: लिखित परीक्षा,परियोजना कार्य, दक्षता परीक्षण	
	अध्ययन परिणाम : 1. इकाई 1 भारतीय ज्ञान परंपरा के काव्यशास्त्रीय परम्परा से परिचित हुए। 2. इकाई 2 भारतीय काव्यशास्त्र के ध्वनी, वक्रोक्ति, औचीत्य आदि सिद्धांतों से परिचय प्राप्त किए। 3. इकाई 3 पाश्चात्य काव्यशास्त्र की व्यापक समझ बनी। 4. इकाई 4 पाश्चात्य दार्शनिकों के दर्शन से विद्यार्थी लाभान्वित हुए।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods:	

	1- कृति विशेष के भाषिक विश्लेषण पर परियोजना कार्य 2- वाचन	
	Course prerequisites: To Study this course, a student must have had the subject ..... in class/12th/certificate/diploma सभी के लिए (सामान्य हिन्दी भाषा का ज्ञान अपेक्षित)	
Suggested equivalent online courses:		
Further Suggestions:		

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VII / MA I
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG1HIN7SEM5P	COURSE TITLE: हिन्दी सिनेमा	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

1. इकाई 1
   भारतीय सिनेमा का इतिहास समझने में मदद मिलेगी।
2. इकाई 2
   भारतीय सिनेमा के क्रमिक विकास की जानकारी प्राप्त होगी।
3. इकाई 3
   सिनेमा से जुड़े तमाम शब्दावलियों का गहनता से अध्ययन सुनिश्चित की जाएगी।
4. इकाई 4
   सिनेमा के प्रायोगिक कार्य से विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नये मार्ग प्रशस्त होंगे।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 50+50	MIN. PASSING MARKS: 20+20

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	**हिन्दी सिनेमा –I** • हिन्दी सिनेमा का आरम्भ • हिन्दी सिनेमा और दादा साहब फाल्के • हिन्दी मूक सिनेमा • हिन्दी सवाक सिनेमा • भारतीय सिनेमा का अति संक्षिप्त परिचय	15
II	**हिन्दी सिनेमा –II** • सन 1947 से 1980 के दौर का हिन्दी सिनेमा (प्रमुख फिल्में – आवारा , दो बीघा ज़मीन, उसने कहा था, मेरा नाम जोकर, मदर इंडिया और शोले) • सन 1980 से 2000 के बाद का हिंदी सिनेमा (प्रमुख फ़िल्में – मिस्टर इंडिया, एक डॉक्टर की मौत, चश्मे बद्दूर, छत्तीस चौरंगी लेन और अंगूर)	15

	• सन 2000 के बाद का हिंदी सिनेमा (प्रमुख फ़िल्में – चक दे इंडिया, द लिजेंड ऑफ़ भगत सिंह, स्लमडॉग मिलियनेयर, मेरी कॉम और दंगल) • हिंदी सिनेमा : विषय वैविध्य (समसामयिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राजनितिक पहलू)	
III	**हिन्दी सिनेमा –II** • प्रमुख व्यक्तित्व : राजकपूर, श्याम बेनेगल, हृषिकेश मुखर्जी, ओमपुरी, दिलीप कुमार, के.एल. सहगल, मीना, वहीदा रहमान और स्मिता पाटिल आदि) • समानांतर सिनेमा • प्रतिबंधित सिनेमा • सिनेमाई भाषा का स्वरुप • सेंशरशिप • हिंदी सिनेमा :प्रतिरोध और विमर्श ▪ स्त्री प्रतिरोध (मंडी, छपाक, लज्जा और मेरी कॉम) ▪ दलित प्रश्न (अछूत कन्या और सद्गति) ▪ आदिवासी जीवन (माझी : द माउन्टेन मैन, मृगया) ▪ बाल सिनेमा (तारे जमीं पर, मासूम, मकड़ी) • भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी सिनेमा • डिजिटल सिनेमा का संक्षिप्त परिचय	15
IV	**चतुर्थ इकाई में हिंदी सिनेमा से सम्बंधित प्रायोगिक कार्य निर्धारित है -** • किन्ही दो साहित्य आधारित फिल्मों का अध्ययन (काबुलीवाला, उमराव जान, रजनीगंधा, गाइड, तीसरी कसम, थ्री इडियट्स, निशांत, नौकर की कमीज, चरणदास चोर) • फिल्म समीक्षा • फिल्म निर्माण और मूल्यांकन (उपलब्ध संसाधन से) • समसामयिक फीचर फिल्म/डॉक्युमेंट्री/रिपोर्ट लेखन पर समूह चर्चा • शोध पत्र/लेख समीक्षा का प्रस्तुतिकरण • मौखिकी	15
	संदर्भ ग्रन्थ: 1. लोकप्रिय सिनेमा और सामाजिक यथार्थ, जवरीमल्ल पारख, अनामिका प्रकाशन, दिल्ली	

	2. हिंदी सिनेमा का समाजशास्त्र, जवरीमल्ल पारख, ग्रन्थ शिल्पी, दिल्ली 3. विश्व सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ 100 फ़िल्में, राकेश मित्तल, अनन्य प्रकाशन, दिल्ली 4. डायरेक्टर्स कट, जावेद हमीद, अतुल्य पब्लिकेशंस, दिल्ली 5. जीवन को गढ़ती फिल्में, प्रयाग शुक्ल, अनन्य प्रकाशन, दिल्ली 6. हिन्दी सिनेमा की यात्रा, पंकज शर्मा, अनन्य प्रकाशन, दिल्ली 7. प्रतिरोध और सिनेमा, महेंद्र प्रजापति, नयी किताब प्रकाशन, दिल्ली 8. जिन्दगी, गुरुदत्त 9. दो गुल्फामों की तीसरी कसम, अनंत कुर्थौल, कीकट प्रकाशन, पटना 10. बिछड़े सभी बारी-बारी, विमल मित्र, वाणी प्रकाशन, दिल्ली 11. भारतीय सिनेमा का अन्तःकरण, विनोद दास, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली This course can be opted as an elective by the students of following subjects: स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके समस्त विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।
	Suggested Continuous Evaluation Methods: लिखित परीक्षा,परियोजना कार्य, दक्षता परीक्षण
	अध्ययन परिणाम : 1. इकाई 1 भारतीय सिनेमा इतिहास की समझ बनी। 2. इकाई 2 भारतीय सिनेमा के क्रमिक विकास की जानकारी प्राप्त हुई। 3. इकाई 3 सिनेमा से जुड़े तमाम शब्दावलियों का गहनता से अध्ययन किया गया। 4. इकाई 4 सिनेमा की पटकथा लेखन, रिकोर्डिंग, एडिटिंग आदि के प्रायोगिक रूप में सिखने को मिला।
	Suggested Continuous Evaluation Methods: 1- कृति विशेष के भाषिक विश्लेषण पर परियोजना कार्य 2- वाचन
	Course prerequisites: To Study this course, a student must have had the subject ..... in class/12th/certificate/diploma सभी के लिए (सामान्य हिन्दी भाषा का ज्ञान अपेक्षित)
Suggested equivalent online courses:	
Further Suggestions:	

.....

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VIII / MA II SEM
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG2HIN8SEM1P	COURSE TITLE: पूर्व मध्यकाल (भक्तिकाल): इतिहास और साहित्य	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

1. इकाई 1
   क . भक्ति काल के दार्शनिक सामाजिक राजनीतिक एवं सांस्कृतिक पक्षों को जानना।
   ख. भक्ति काल के उद्भव एवं विकास के विभिन्न पक्षों को जानना।
   ग. भक्ति काल की आरंभिक भारतीय स्वरूप को जानना।
2. इकाई 2
   कबीर काव्य के कतिपय आस्वाद धरातालों से परिचित होना।
   मलिक मोहम्मद जायसी के पद्मावत के सौंदर्य एवं साहित्य बोध को जानना।
3. इकाई 3
   भ्रमरगीत के दार्शनिक एवं साहित्यिक पीठिका के रचना अंशों को समझना।
4. इकाई 4
   तुलसीदास की प्रतिनिधि रचना रामचरितमानस के कतिपय अंशु से परिचित होना।
   मीरा के काव्य में कतिपय अंशों से परिचित होना।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 25+75	MIN. PASSING MARKS: 10+30

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	**पूर्व मध्यकाल का इतिहास (भक्तिकाल)** ● सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य ● उद्भव और विकास ● भक्तिकाल का भूगोल	15
II	**कबीर ग्रंथावली - संपादक : श्यामसुन्दर दास, ना0 प्र0 सभा, काशी** ● गुरुदेव कौ अंगः 1, 20, सुमिरन कौ अंग : 4, 14 , विरह कौ अंग : 12, 24 ● ग्यान बिरह कौ अंग : 5, 10, परचा कौ अंग : 3, 5	15

	• पद संख्या 1, 23, 39, 59, 71 (कुल 5 पद) **जायसी : पद्मावत : सं. रामचन्द्र शुक्ल :** नागमती-वियोग खंड	
III	**सूरदास : भ्रमरगीत सार -** सं0 रामचन्द्र शुक्ल, ना0 प्र0 सभा, काशी : पद संख्या 2, 5, 8, 9, 10, 14, 16, 20, 23, 25	15
IV	**तुलसीदास : रामचरितमानस :** तुलसीदास, गीता प्रेस, गोरखपुर : अयोध्या काण्ड से सीता-राम संवाद : (मासपारायण, चौदहवाँ विश्राम से लेकर दोहा संख्या 67 की दौ चौपाइयों तक) **मीरा का काव्य : विश्वनाथ त्रिपाठी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली-110002** 5 पद - मण थें परस हरि रे चरण, आली री म्हारे णेणां बाण पड़ी, म्हां गिरधर आगा नाच्यारी, माई री म्हाँ लियां गोविदाँ मोल, यें मत बरजां माइरी	15
	संदर्भ ग्रन्थ: 12. कबीर : आ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली 13. गोस्वामी तुलसीदास : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, नागरी प्रचारिणी,सभा 14. त्रिवेणी : सं0 आचार्य रामचन्द्र शुक्ल 15. सूर साहित्य : आ0 हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली 16. हिन्दी साहित्य का इतिहास : संपादक - डॉ0 नगेन्द्र 17. तुलसी आधुनिक वातायन से : रमेश कुंतल मेघ 18. लोकवादी तुलसीदास : विश्वनाथ त्रिपाठी 19. तुलसी काव्य मीमांसा : उदयभानु सिंह 20. महाकवि सूरदास : नंददुलारे वाजपेयी 21. सूर और उनका साहित्य : हरवंशलाल शर्मा 22. जायसी : विजयदेवनारायण साही 23. महाकवि जायसी और उनका काव्य : इकबाल अहमद, लोकभारती प्रकाषन 24. भक्ति आंदोलन और भक्ति काव्य : शिवकुमार मिश्र 25. मीरा का काव्य : विश्वनाथ त्रिपाठी, वाणी प्रकाषन, नई दिल्ली This course can be opted as an elective by the students of following subjects: स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके समस्त विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: लिखित परीक्षा,परियोजना कार्य, दक्षता परीक्षण	
	अध्ययन परिणाम :	

	1. इकाई 1 भक्तिकाल की व्यापक समझ। 2. इकाई 2 कबीर और जायसी के साहित्य बोध और सौंदर्य बोध की समझ। 3. इकाई 3 कबीर और जायसी के साहित्य बोध और सौंदर्य बोध की समझ। 4. इकाई 4 तुलसी और मीरा के युगबोध में उनके काव्य के माध्यम से साक्षात्कार।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: 1- कृति विशेष के भाषिक विश्लेषण पर परियोजना कार्य 2- वाचन	
	Course prerequisites: To Study this course, a student must have had the subject ..... in class/12th/certificate/diploma सभी के लिए (सामान्य हिन्दी भाषा का ज्ञान अपेक्षित)	
Suggested equivalent online courses:		
Further Suggestions:		

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VIII / MA II SEM
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG2HIN8SEM2P	COURSE TITLE: उत्तर मध्यकाल (रीतिकाल): इतिहास और साहित्य	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

1. इकाई 1
   रीतिकाल के सामाजिक, राजनैतिक परिदृश्य को समझना, उद्भव और विकास की यात्रा की समझ हासिल करना।
2. इकाई 2
   बिहारी और केशवदास के काव्य संसार को समझना!रचना सौंदर्य का उद्घाटन करना।
3. इकाई 3
   भूषण के रचना सौंदर्य का उद्घाटन।
4. इकाई 4
   घनानंद रचना सौंदर्य का का उद्घाटन।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 25+75	MIN. PASSING MARKS: 10+30

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	**उत्तर मध्यकाल का इतिहास (रीतिकाल)** ● सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य ● उद्भव और विकास	15
II	**बिहारी सतसई : बिहारी रत्नाकर , सं. जगन्नाथदास रत्नाकर, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2005 ई.** दोहा संख्या : 1, 9, 20, 38, 55, 85, 135, 171, 191, 207, 300, 406, 428, 588, 658 **रामचंद्रिका : केशवदास; केशव कौमुदी (प्रथम भाग) सं. लाला भगवानदीन** 11वाँ प्रकाश - छंद सं0 1 से 5 तक, 12वाँ प्रकाश - छंद सं0 1 से 5 तक	15

III	**भूषण-ग्रंथावली, प्रधान संपादक : विश्वनाथप्रसाद मिश्र, साहित्य सेवक कार्यालय, काशी, शरत्पूर्णिमा, संवत् 1993** शिवा बावनी : प्रताप वर्णन, रण-प्रस्थान वर्णन, विजय वर्णन छत्रसाल दशक : पराक्रम वर्णन, दान वर्णन	15
IV	**घनानंद कवित्त : सं0 विश्वनाथ प्रसाद मिश्र** 10 छंद : छंद सं0 1, 5, 8, 9, 15, 17, 19, 68, 70, 71	15
	संदर्भ ग्रन्थ: 1. बिहारी सार्धशती : ओमप्रकाश 2. बिहारी : ओमप्रकाश 3. बिहारी की काव्य सृश्टि : जयप्रकाश 4. बिहारी की वाग्विभूति : विष्वनाथप्रसाद मिश्र 5. रीतिकालीन कवियों की प्रेमव्यंजना : बच्चन सिंह, नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी 6. बिहारी का नया मूल्यांकन : बच्चन सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 7. भूशण विमर्ष : भागीरथप्रसाद दीक्षित 8. महाकवि भूशण : भागीरथप्रसाद दीक्षित, साहित्य भवन लिमिटेड, इलाहाबाद 9. वीर काव्य : भागीरथप्रसाद दीक्षित 10. घनानंद : एरिस बंका 11. घनानंद (साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित मोनोग्राफ) 12. रीतिकाव्य की भूमिका : डॉ0 नगेन्द्र 13. रीतिकाव्य : नंदकिषोर नवल, राजकमल प्रकाशन 14. रीतिकाव्य : मूल्यांकन के नये आयाम, सं. डॉ0 प्रभाकर सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद This course can be opted as an elective by the students of following subjects: स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके समस्त विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: लिखित परीक्षा,परियोजना कार्य, दक्षता परीक्षण	
	अध्ययन परिणाम : 1. इकाई 1 रीतिकाल की समग्र समझ। 2. इकाई 2 बिहारी और केशवदास की साहित्य एवं सौंदर्य दृष्टि की रचना समझ।	

	3. इकाई 3 भूषण की साहित्य और सौंदर्य दृष्टि का ज्ञान। 4. इकाई 4 घनानंद की सौंदर्य दृष्टि की समझ।	
	Suggested Continuous Evaluation Methods: 1- कृति विशेष के भाषिक विश्लेषण पर परियोजना कार्य 2- वाचन	
	Course prerequisites: To Study this course, a student must have had the subject ..... in class/12th/certificate/diploma सभी के लिए (सामान्य हिन्दी भाषा का ज्ञान अपेक्षित)	
Suggested equivalent online courses:		
Further Suggestions:		

PROGRAMME/CLASS: CERTIFICATE	BA IV YEAR / MA I YEAR	SEMESTER: BA VIII / MA II SEM
Subject: Hindi		
COURSE CODE: PG2HIN8SEM3P	COURSE TITLE: भाषा विज्ञान और भाषा अध्ययन के नए क्षेत्र	

पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

1. इकाई 1
   भाषा की उत्पत्ति के बारे में ज्ञान प्राप्त करेंगे साथ-ही-साथ विभिन्न भाषा परिवार की भाषाओं से भी परिचय प्राप्त करेंगे।
2. इकाई 2
   भाषा की सुक्ष्तम इकाई ध्वनि के बारे में व्यापक समझ बनेगी।
3. इकाई 3
   हिंदी भाषा के उद्भव और विकास की विस्तृत जानकारी के साथ ही हम राजभाषा हिंदी के संवैधानिक स्वरुप के बारे में भी जान सकेंगे।
4. इकाई 4
   भाषा की मानकीकरण की व्यापक समझ विकसित होगी।

CREDITS: 4	MAX MARKS: 25+75	MIN. PASSING MARKS: 10+30

Total No. of Lectures - Tutorials-Practical (in hours per week): 3-0-0 or 2-1-0 etc.

Unit	Topic	No. of Lectures
I	भाषा एवं भाषा विज्ञान की परिभाषा , भाषोत्पति के विविध सिद्धान्त, भारत में भाषा अध्ययन एवं भाषा विज्ञान की परम्परा। भाषा का वर्गीकरण : पारिवारिक एवं आकृतिमूलक, भारत के विभिन्न भाषा परिवार की विषेशताएँ और हिन्दी।	15
II	**ध्वनि विज्ञान**: अर्थ एवं अवधारणा, ध्वनि परिवर्तन के कारण व दिशायें, पद विज्ञानः अर्थ और अवधारणा, शब्द और अर्थ का संबंध, अर्थ विज्ञानः अर्थ और अवधारणा, अर्थ प्रतीति के साधन अर्थ परिवर्तन के कारण व दिशायें, **वाक्य विज्ञान**: अर्थ और अवधारणा, वाक्य रचना के आधार, वाक्य के प्रकार, वाक्य के निकटतम अवयव, **व्याकरणिक कोटियाँ**: अभिप्राय एवं उद्देश्य, रूपिम की परिभाषा एवं प्रकार, कोश विज्ञान व शैली विज्ञान का स्वरूप	15

III	हिन्दी भाषा का उद्भव एवं विकास, राजभाषा एवं संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी राजभाषा के रूप में हिन्दी की वर्त्तमान स्थिति, राष्ट्रभाषा के आवश्यक गुण और हिन्दी, वैष्विक हिन्दी	15
IV	हिन्दी मानकीकरण, समस्या और समाधान, आधुनिक तकनीकी विकास और हिन्दी देवनागरी लिपि के उद्भव, विकास एवं इसकी वैज्ञानिकता	15

संदर्भ ग्रन्थ:

